भारत सरकार

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न सं. 4085

जिसका उत्तर 19.12.2024 को दिया जाना है

पथकर द्वार

4085. डॉ. गणपथी राजकुमार पी.:

क्या सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या देश में निर्बाध परिवहन और माल के आवागमन हेतु पथकर द्वारों को समाप्त करने का कोई प्रस्ताव है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या सरकार इस बात से अवगत है कि अनेक सार्वजनिक शौचालय अथवा पथकर बूथ बंद हैं अथवा कार्य नहीं कर रहे हैं; और

(ग) यदि हां, तो संबंधित संविदाकारों के विरुद्ध क्या कार्रवाई की गई है?

उत्तर

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री

(श्री नितिन जयराम गडकरी)

(क) जी नहीं। तथापि, यह निर्णय लिया गया है कि उपलब्ध तकनीक के साथ बाधा रहित इलेक्ट्रॉनिक पथकर संग्रहण (ईटीसी) प्रणाली को शुरू में राष्ट्रीय राजमार्गों के चयनित खंडों पर लागू किया जाएगा, तथा कार्यान्वयन के परिणामों और प्रभावकारिता के आधार पर इसे अन्य शुल्क प्लाजा पर भी लागू करने की संभावना है। बाधा रहित पथकर से माल का निर्बाध परिवहन और आवागमन सुनिश्चित होगा।

(ख) और (ग) राष्ट्रीय राजमार्ग शुल्क प्लाजा पर सभी सार्वजनिक शौचालय आम तौर पर क्रियाशील हैं और राजमार्ग प्रयोक्ताओं के उपयोग के लिए उपलब्ध हैं। नियमित निरीक्षण किए जाते हैं और शुल्क प्लाजा प्रबंधकों द्वारा मोबाइल एप्लिकेशन “एनएचएआई वन ऐप” के माध्यम से उनकी स्वच्छता और कार्यात्मक स्थिति के बारे में रिपोर्ट प्रस्तुत की जाती है।

*****